# मध्यप्रदेश विधान सभा

## संक्षिप्त कार्य विवरण

## पत्रक भाग-एक

क्रमांक-1

**सोमवार, दिनांक 15 दिसम्बर, 2003 (अग्रहायण 24, 1925)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.31 बजे समवेत हुई.**

**सामयिक अध्यक्ष महोदया (श्रीमती जमुना देवी) पीठासीन हुई.**

### 1. राष्ट्रगीत

सदन में राष्ट्र गीत "वन्दे मातरम्" का गायन हुआ

### 2. सदस्यों द्वारा मौन धारण

द्वादश विधान सभा की प्रथम बैठक के पावन अवसर पर परम्परानुसार सदस्यों द्वारा एक मिनट के लिए मौन धारण किया गया।

### 3. सदस्यों की सूची पटल पर रखी जाना

प्रमुख सचिव, विधानसभा ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त की अधिसूचना जिसमें आम चुनाव में द्वादश विधान सभा के लिए निर्वाचित सदस्यों की सूची दी गई है, पटल पर रखी।

### 4. सभापति तालिका की घोषणा

अध्यक्ष महोदया द्वारा निम्नलिखित सदस्यों को सभापति तालिका के लिए नाम निर्दिष्ट किया गया:-

(1) डॉ. नरोत्तम मिश्रा
(2) श्रीमती सुधा जैन
(3) श्री जयन्त मलैया
(4) श्री इंद्रजीत कुमार
(5) श्री हरवंश सिंह
(6) श्री विजय बहादुर सिंह "बुन्देला"

## 5. शपथ - ग्रहण

अध्यक्ष महोदया ने घोषणा की कि सर्वप्रथम सदन के नेता, तदुपरांत मंत्रिमण्डल के सदस्यगण व सभापति तालिका के लिये नियुक्त सदस्यगण तथा तत्पश्चात् शेष माननीय सदस्यगण शपथ ग्रहण या प्रतिज्ञान करेंगे।

तद्नुसार 219 सदस्यों (सदन के नेता, मंत्री, राज्यमंत्री एवं सभापति तालिका के लिए नियुक्त सदस्यगण सहित) द्वारा शपथ ग्रहण/प्रतिज्ञान किया गया तथा सदस्य नामावली में हस्ताक्षर किये गये।

अपराह्न 1.18 बजे विधानसभा मंगलवार, दिनांक 16 दिसम्बर, 2003 (अग्रहायण 25, 1925) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई।

डॉ. ए.के. पयासी
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा